ISBN:9789387063556

# SGS Govt Arts and Commerce Girls College Raipur

## IQAC GUNVATTA BULLETIN 2023-24

**Dr Kavita Sharma**
**IQAC In charge**

**Dr V K Goyal**
**Principal**










Educational tour to divyaang school by sociology













# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** श्री गोविंद राम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को प्रातः 10:00 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रविशंकर विश्वविद्यालय प्रांगण में जाकर सफ ाई की।

जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला तथा कार्यक्रम समन्वयक गजपाल कर सहित विभिन्न महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीषा गर्ग ने बताया की प्राचार्य डॉ अमिताभ बैनर्जी के मार्गदर्शन में निरंतर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्वच्छता हेतु शपथ तथा महाविद्यालय की सफाई का कार्यक्रम हो चुका है आगे भी कार्यक्रम जारी रहेंगे।

# गांधी जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन



गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करतीं डा मनीषा गर्ग के साथ छात्राएं। ● महाविद्यालय

श्री गोविंद राम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेंद्र नगर, रायपुर में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाई गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने गांधीजी को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की, तत्पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया। छात्रों ने मिलकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया तथा अंत में स्वल्पाहार करने के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डा मनीषा गर्ग ने बताया कि शपथ का कार्यक्रम, निबंध प्रतियोगिता तथा महाविद्यालय की साफ-सफाई पहले ही की जा चुकी है। उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डा अमिताभ बैनर्जी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी प्राचार्य उषा अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित किया गया।



















# परिवार के साथ जीने की शिक्षा दें छात्राओं कोः बृजमोहन

**देवेंद्रनगर कन्या कॉलेज का कायाकल्प करने सरकार देगी एक करोड़ रुपए**

**कॉलेज की कक्षाओं का स्मार्ट क्लास में होगा रूपांतरण**

**संत गोबिंदराम शदाणी के नाम पर हुआ संस्थान का नामकरण**

**मंत्री बृजमोहन, विधायक पुरंदर व संत युधिष्ठिर ने की नए नाम की घोषणा**



**मेधावी व प्रतिभावान छात्राएं पुरस्कृत**

सभा संचालन कर रहीं सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. संध्या वर्मा ने बताया कि इस मौके पर प्रावीण्य सूची में आई छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल दिए गए। साथ ही सांस्कृतिक स्पर्धाओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सिंधी समाज से उदय शदाणी, चेतन तारवानी, डॉ. भीष्म शदाणी, सतीश छुगानी, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती उषा अग्रवाल, डॉ. रंजना तिवारी, डॉ. शीला दुबे, डॉ. प्रीति पांडे, डॉ. मीना पाठक, डॉ. सीरिल डेनियल, डॉ. सुषमा तिवारी, डॉ. कल्पना झा, डॉ. प्रभा वर्मा, डॉ. रवि शर्मा, डॉ. वैशाली हिरवे, डॉ. संगीता झा, डॉ. बी. थदलानी, डॉ. आर.डी. शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित थीं।



रायपुर। शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय, देवेंद्रनगर में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान एवं महाविद्यालय के नामकरण का समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल समेत अतिथियों ने महाविद्यालय का नामकरण करते हुए संस्थान को संत गोबिंदराम के नाम पर 'श्रीगोबिंदराम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय' किए जाने की घोषणा की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि महाविद्यालय में कन्याओं को संस्कारों की, परिवार के साथ जीने की शिक्षा दी जाए ताकि छात्राएं श्रेष्ठ नागरिक बनकर समाज, देश व राष्ट्र का नाम रोशन कर सकें।

मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा- संतश्री के नाम से इस महाविद्यालय का नामकरण किया गया है, अब यहां योग एवं आध्यात्मिक शिक्षा की भी आवश्यकता है। उन्होंने महाविद्यालय की कक्षाओं को स्मार्ट क्लास बनाने 1 करोड़ रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने शुभकामनाएं देते कहा कि जल्द कॉलेज 'ए प्लस' बने और मेट्रो सिटी के शिक्षण संस्थान जैसा स्वरूप ले। अध्यक्षता कर रहे शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल शदाणी ने शिक्षा के क्षेत्र में रायपुर के निरंतर विकास की कामना करते हुए संस्थान से सदैव जुड़े रहने की बात कही।


प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी ने अनेक छात्राओं के प्रावीण्य सूची में आने की जानकारी देते कहा कि महाविद्यालय बी++ नैक ग्रेडिंग के साथ उत्तरोत्तर तरक्की कर रहा है। विशेष अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा व सिंधी काउंसिल छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने संस्था के विकास के लिए हरसंभव योगदान देने की बात दुहराई।

# गोविंदराम शदाणी कन्या महावि में ब्रेस्ट कैंसर पर हुआ व्याख

रायपुर( वि )। देवेंद्र नगर स्थित गोविंद राम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को लायंस क्लब रायपुर समर्पण तथा गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ब्रेस्ट कैंसर पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता कैंसर विभाग की विभागाध्यक्ष डा. मंजू सिंह थीं।

उन्होंने बताया कि कैंसर कोशिकाओं की अनियमित वृद्धि के कारण होता है। यदि यही अनियमित वृद्धि ब्रेस्ट में हो तो इसे ब्रेस्ट कैंसर कहा जाता है। इसका मुख्य कारण वंशानुक्रम, वातावरण या जीवनशैली हो सकते हैं। महिलाओं में दो प्रकार के कैंसर सामान्य तौर पर होते हैं एक सर्वाइकल कैंसर और दूसरा ब्रेस्ट कैंसर।

ब्रेस्ट कैंसर में मुख्य रूप से पांच या 10 प्रतिशत ही वंशानुक्रमण




●प्रतीकात्मक चित्र।

बल्कि 90 प्रतिशत अन्य कारक जिम्मेदार हैं जैसे मोटापा तथा एक्सरसाइज न करना है। इसके अलावा जंक फूड भी इसके लिए जिम्मेदार है। इसके लिए हमें डरने नहीं अपितु सतर्क रहने की आवश्यकता है और इससे बचाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर की फर्स्ट स्टेज में ही यदि उपचार प्रारंभ हो जाए तो बचने की संभावना 100 प्रतिशत होती है। ब्रेस्ट कैंसर से बचाव के लिए स्क्रीनिंग और अर्ली डिटेक्शन सबसे ज्यादा जरूरी है।





















# शासकीय देवेन्द्र नगर कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन



**रायपुर, ( असं )।** शासकीय देवेन्द्र नगर कन्या महाविद्यालय रायपुर में राष्टीय शिक्षा नीति 2220 के द्यक्रियान्वयन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वी के गोयल ने मार्गदर्शन दिया उन्होंने बताया कि राष्टीय शिक्षा नीति 2020 का केंद्र बिन्दु बहुविषयकता और समग्र शिक्षा है। प्राचार्य डॉ गोयल ने बताया कि एनईपी का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच प्रदान करके, नवाचार को बढ़ावा देना और समग्र विकास को बढ़ावा देकर शिक्षा प्रणाली को बदलना है।महाविद्यालय प्रकोष्ठ की हृश्वक्र संयोजक डॉ कविता शर्मा के द्वारा इससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी महाविद्यालय के समस्त अधिकारी और कर्मचारियों को प्रदान की गई उन्होंने बताया कि राष्टीय इस नीति के अंतरगत इस वर्ष स्नातक स्तर पर 3-4 साल का प्रोग्राम और 6 से 8 सेमिस्टर होंगे मल्टीडिस्क्लीनरी करिकुलम होगा च्वाइस बेस्ड और क्रेडिट बेस्ड रहेगा करिकुलम लर्निंग आउटकम आधारित रहेगा.